रिपोर्ट

[1Pl 3/48 UP NCC COY]

"महाविद्यालय एन.सी.सी. उप-इकाई द्वारा किया गया G20 जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन "

सम्पूर्ण विश्व में भारतवर्ष की एक अलग पहचान बन चुकी है। सॉफ्ट पावर स्टेट से लेकर अब विश्वमंच पर अपनी बात को मुखरता से रखने वाला भारत नए सृजन की गाथा लिखने हेतु तैयार है और नेतृत्व क्षमता में हुए इस परिवर्तन का साक्षी भारत द्वारा G20 सम्मेलन के आतिथ्य की विशद रूपरेखा से स्वतः दृष्टिगोचर है।

आज जब पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है तो ऐसे में भारतवासी विशेषकर छात्र छात्राओं और नवयुवाओं को भी इस बारे में जागरूक रहना ही चाहिए। इसी बात को ध्यान में रखते हुए दिनांक 10 सितम्बर, 2023 को श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा एन.सी.सी. उप-इकाई द्वारा 48 यू.पी. बटालियन एनसीसी, गोंडा के तत्वावधान में एन.सी.सी. कैडेटों हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिससे कि कैडेटों के माध्यम से उनके परिवार तथा आसपास के आम जनमानस को भी इसके बारे में जानकारी प्राप्त हो सके।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत एनसीसी कैडेटों को निम्नलिखित तथ्यों से अवगत कराया गया-

1. भारत में होने वाले जी 20 सम्मेलन की थीम वसुधैव कुटुम्बकम: One Earth, One Family, One Future है।
2. जी 20 अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक सहयोग के लिए मंच है।
3. इसे एशियाई वित्तीय संकट के बाद 1999 में स्थापित किया गया था।
4. यह वैश्विक आर्थिक और वित्तीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों तथा केन्द्रीय बैंक के गवर्नरों को एक मंच उपलब्ध कराता है।
5. इसके सदस्य देश वैश्विक जीडीपी का 80%, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का 75% तथा वैश्विक आबादी का 60% अपने अन्दर समाहित करते हैं।
6. जी 20 के अन्तर्गत भारत की प्राथमिकताओं में हरित विकास, जलवायु,वित्त और LiFE-Lifestyle For Environment, त्वरित, समावेशी और लचीली संवृद्धि, SDGs-Sustainable Development Goals को प्राप्त करने में तेजी लाना, तकनीकी बदलाव और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, 21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थान तथा नेतृत्व में महिला भागीदारी का विकास शामिल है।

इस कार्यक्रम में अंडर अफसर आदित्य कुमार शुक्ल, ऋषिकेश शर्मा, हर्षिता मिश्रा, अंजुम बानो, साक्षी यादव, खुशी सिंह, वंशिता शुक्ला, ज्योति चौबे, मुरीक सोनकर, ओमकार शर्मा, रितेश शुक्ल, आशीष कुमार पाण्डेय सहित 48 कैडेट उपस्थित रहे।

जय हिन्द।

डॉ. अमित कुमार शुक्ल
केयर टेकर
एन.सी.सी. उप-इकाई

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA
IQAC

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda